Std. V. Hindi Lang. संबंधबोधक

प्रश्न 1.संबंधबोधक की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें ।

उत्तर-- जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के साथ लगकर उनका संबंध वाक्य के अन्य शब्दों के साथ बताते हैं, वे संबंधबोधक कहलाते हैं। जैसे-- मेज़ *के ऊपर* किताब है। रमेश सुरेश *से पहले* आया था ।

प्रश्न 2. इन वाक्यों से संबंधबोधक शब्दों को चुनकर लिखिए।

I) सौम्या के बिना घर सूना लगता है। - के बिना

II) रमेश के अतिरिक्त सुरेश को भी बुलाओ।-- के अतिरिक्त

III) मेज़ के ऊपर पुस्तक रखी है।--के ऊपर

IV) माताजी रसोई घर के अंदर हैं। -- के अंदर

V) वृक्ष के नीचे क्यों बैठे हो ? -- के नीचे

VI) कई बंदर खेतों की ओर जा रहे थे।-- की ओर

VII) मेरे घर के पास मंदिर है।-- के पास

VIII) कुर्सी के नीचे पैंसिल है।-- के नीचे

IX) राधा मांँ के साथ बाज़ार गई है।-- के साथ

X) मेरे घर के सामने श्याम का घर है।-- के सामने

प्रश्न 3.उचित संबंधबोधक शब्दों से रिक्त स्थान भरिए ।

I)परिश्रम------- सफलता नहीं मिलती।

उत्तर -- के बिना

II) क्रिकेट घर------- नहीं खेलना चाहिए ।

उत्तर-- के अंदर

III) यमुना दिल्ली -------- बहती है।

उत्तर-- के निकट

IV)मनुष्य को चींटी -------- मेहनत करनी चाहिए ।

उत्तर-- की तरह

V)मोहन कुत्ते -------- जा रहा है।

उत्तर -- के पीछे